**PRAKASH WOOLLEN & SYNTHETIC MILLS LTD.**
Manufacturers, Exporters & Importers of High Class Mink Blankets

Regd. Office & Works :
18th KM. Stone Delhi Moradabad Road, NH-24, Vill. Amhera PO. Chaudherpur, Distt. Amroha - 244 102 U.P.
CIN: L17291UP1979PLC004804 • Tel: 8791001430, 9760091983

H. O. & Mailing Address :
430, Civil Lines, Kanth Road, Moradabad - 244001 U.P. (India) • Mob. : 9837007288
E-mail : info@prakashwoollen.com • Website : www.prakashwoollen.com

Date: 01.06.2026

The Manager
Department of Corporate Relationship
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai- 400001

**Scrip Code: 531437**
**Scrip ID: PWASML**

**SUB:- NEWS PAPER CUTTING OF PUBLICATION OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31st MARCH, 2026**

Dear Sir,

Please find enclosed copy of newspaper cutting of publication of Audited Financial Results for the quarter and year ended 31st March, 2026 pursuant to Regulation 33 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 as published in:

A. Pioneer dated 31.05.2026 (English Daily)
B. Hindustan dated 31.05.2026 (Hindi Daily)

Kindly acknowledge the receipt.

**Thanking you,**

**Yours faithfully**
**For PRAKASH WOOLLEN & SYNTHETIC MILLS LIMITED**

**Sneha Agarwal**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**M.no.- A70716**

**Encl. as above**


**मुसीबत**

# चुरू बवंडर और जोशीमठ भीषण जाम से बेहाल

राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में शनिवार अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में धूल और रेत का इतना विशाल गुबार उठा कि उसने सूरज को ढक लिया। धूल का यह बवंडर इतना घना था कि दोपहर के समय ही चारों तरफ अंधेरा छा गया और दृश्यता घटकर शून्य के करीब पहुंच गई। वहीं, उत्तराखंड में चारधाम यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जोशीमठ में केदारनाथ और बदरीनाथ कई किलोमीटर जाम से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



राजस्थान के चुरू में शनिवार की दोपहर मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। आसमान में धूल और रेत का इतना विशाल गुबार उठा कि उसने सूरज को ढक लिया। • प्रेट्र



उत्तराखंड के जोशीमठ में शनिवार को चारधाम यात्रा के दौरान भारी वाहनों के दबाव और सड़क संकरी होने के कारण यात्रियों को भीषण जाम का सामना करना पड़ रहा। • सोशल मीडिया

### रक्षा मंत्री ने राजधानी में 19 करोड़ से लागत से दो एकड़ से अधिक क्षेत्र में निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका के लोकार्पण किया

# योगी के नेतृत्व में यूपी को नई पहचान:राजनाथ

**लोकार्पण**

- 'वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया' से 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' तक पहुंचा यूपी
- सैन्य गौरव का प्रतीक बन रहा लखनऊ
- कहा, कानून-व्यवस्था व विकास में योगी सरकार ने कायम की मिसाल

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि पहले यूपी की पहचान वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया के रूप में होती थी, लेकिन आज वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के रूप में हो रही है। यह परिवर्तन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मजबूत नेतृत्व का नतीजा है। कभी यूपी की पहचान गुंडाराज और बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था से होती थी। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में आज का उत्तर प्रदेश बदल चुका है।

रक्षा मंत्री ने शनिवार को 19 करोड़ से लागत से 2 एकड़ से अधिक क्षेत्र में निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका के लोकार्पण पर कहा कि नौसेना शौर्य वाटिका कोई साधारण पर्यटन स्थल नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत प्रेरणा स्थल है।

यह आने वाली पीढ़ियों को बताएगी कि देश की आजादी और सुरक्षा की क्या कीमत होती है। उन्होंने कहा कि नौ सेना शौर्य स्थल लखनऊ के लिए एक प्रेरणा स्थल तो बनेगा ही, साथ ही टूरिस्ट हब के रूप में भी बनेगा। यह लखनऊ की पहचान भी बनेगा। यह सब बढ़ते हुए उत्तर प्रदेश की तस्वीर है, जो हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि लखनऊ अब तहजीब और संस्कृति का शहर होने के साथ-साथ राष्ट्र भक्ति और सैन्य गौरव का भी प्रतीक बन रहा है।

उन्होंने कहा कि यूपी आज जिस तरह से विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, उसे आज हम सभी देख रहे हैं। हम सभी जानते हैं कि कभी यूपी की पहचान गुंडाराज और बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था से होती थी। लोग भय से जीते थे और डर में अपनी जिंदगी गुजारते थे। निवेशक यूपी में आने से कतराते थे। वह सोचते थे कि यूपी में कानून व्यवस्था बद से बदतर है और अगर यूपी में हम इन्वेस्ट करेंगे तो गुंडों और बदमाशों के द्वारा परेशान किया जाएगा। आज का यूपी बदल चुका है, यह सिर्फ हम ही नहीं बल्कि पूरा हिंदुस्तान जानता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जबरदस्त कामयाबी हासिल की है। लखनऊ समेत उत्तर प्रदेश की समस्त जनता यह अनुभव कर रही है कि यूपी अब लहलहा रहा है, अब जगमगा रहा है, तेजी से आगे बढ़ रहा है।



लखनऊ में शनिवार को नौसेना शौर्य वाटिका के लोकार्पण में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहे।

**पीएम ने रखा आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को लखनऊ में नौसेना शौर्य वाटिका के लोकार्पण समारोह में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 से इस बात पर सदैव बल दिया कि भारत सही मायनों में ताकतवर तभी कहलाएगा, जब सेनाओं को हथियार के लिए दुनिया के दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। इसी को ध्यान में रखकर प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत का विजन देश के सामने रखा। भारत का रक्षा क्षेत्र तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।

## विकसित भारत के लिए बड़ी सोच जरूरी: योगी

**संबोधन**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ में निर्मित नौसेना शौर्य वाटिका (नौसेना शौर्य संग्रहालय के द्वितीय चरण) के लोकार्पण के दौरान कहा कि बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विराट सोच होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत की जिस संकल्पना को हमारे समक्ष रखा है, उसमें उन्होंने प्रत्येक भारतवासी से कहा कि विकसित भारत के लिए सभी को पंचप्रण से जुड़ा होगा।

इन पंचप्रण में सबसे महत्वपूर्ण सेना व वर्दीधारी बल के प्रति सम्मान का भाव रखना है। जब सैनिक माइनस डिग्री तापमान, झुलसा देने वाली गर्मी तथा समुद्र की लहरों का मुकाबला करते हुए देश की सीमाओं की रक्षा करता है, तब 140 करोड़ भारतीय चैन की नींद सोते हैं। इस स्थिति में देश का नागरिक देश के विकास के बारे में सकारात्मक सोच को आगे बढ़ाने में सफल होता है तथा देश आगे बढ़ता है।

**चौराहों पर सेना के टैंक रखे जाएं**

योगी ने कहा कि रक्षा मंत्री कह रहे थे कि यूपी में भारतीय सेना से जुड़े अन्य कार्यों के लिए तत्काल प्रस्ताव दिए जाएं। मेरा मानना है कि महत्वपूर्ण चौराहों पर भारतीय सेना के वे टैंक रखे जाने चाहिए, जो अब वर्किंग कंडीशन में नहीं हैं। इन्हें जो भी देखेगा, उसके मन में भारतीय सेना में जाने और सेना के प्रति सम्मान का भाव पैदा होगा। उसे राष्ट्रभक्ति की नई प्रेरणा प्राप्त होगी, क्योंकि राष्ट्रभक्ति से बढ़कर कुछ भी नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में रोज कर्फ्यू लगता था, पेशेवर माफिया व अपराधियों ने जीना हराम कर दिया था। असुरक्षित वातावरण में विकास व निवेश की संभावनाएं क्षीण हो गई थीं, लेकिन जब हमारे सैनिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं तो नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे सैनिकों के प्रति सम्मान का भाव रखें।

**प्रदेश 30s**

### मायावती ने कानून व्यवस्था पर घेरा

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने गाजियाबाद में सूर्या चौहान की हत्या को दुखद और चिंताजनक बताते हुए कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरा है। उन्होंने ऐसी घटनाओं के चुनाव नजदीक आने पर दुष्परिणा होने की बात कहते हुए सरकार को सतर्क रहने की नसीहत भी दी है। मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया पर लिखा इस तरह की आए दिन हो रही घटनाओं की रोकथाम के लिए सही कदम उठाना चाहिए।

### 'सरकार गन्ना किसानों व उद्यमियों की हितैषी'



**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने प्रस्तावित गन्ना नियंत्रण आदेश-2026 के मसौदे को केंद्र सरकार द्वारा वापस लेने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार गन्ना किसानों, गुड़ व खांडसारी उद्योग से जुड़े लोगों के हित में काम कर रही है और इसके चलते इसे वापस लेने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी निरंतर किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

### ओवरलोडिंग पर 33.71 करोड़ का जुर्माना

**लखनऊ।** उप खनिजों की ओवरलोडिंग में अब तक 7,339 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 33.71 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। खनन विभाग की सचिव व निदेशक माला श्रीवास्तव ने बताया कि अप्रैल से ही लगातार अवैध परिवहन की जांच का अभियान चला जा रहा है। उन्होंने बताया कि 33.71 करोड़ में 28.31 करोड़ रुपये की वसूली हो भी चुकी है।

### अनुपम पांडेय व मनोज कुमार आयोग में सदस्य

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने शनिवार को उप्र लोक सेवा आयोग प्रयागराज में अनुपम पांडेय और सेवानिवृत्त मेजर जनरल मनोज कुमार को सदस्य नामित किया है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अनुपम पांडेय का कार्यकाल छह वर्ष के लिए होगा। वहीं, बिहार में पटना के रहने वाले मनोज कुमार 62 साल की आयु तक यानी, 17 अगस्त 2028 तक आयोग के सदस्य रहेंगे।

### अतुल विशेष और आनंद संयुक्त सचिव बने

**लखनऊ।** सचिवालय सेवा के आठ अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। अतुल कुमार मिश्र संयुक्त सचिव से विशेष सचिव और आनंद कुमार सिंह उप सचिव से संयुक्त सचिव बनाए गए हैं। चंद्र श्याम मिश्रा, शैलेंद्र मणि त्रिपाठी व सर्वेश कुमार सिंह अनुसचिव से उप सचिव बने है। समीक्षा अधिकारी चंद्र प्रताप सिंह, भास्कर सिंह, सुनील कुमार श्रीवास्तव और प्रदीप सिंह चौहान अनुभाग अधिकारी बनाए गए हैं।

### टीईटी मुद्दे पर शिक्षक दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे

**लखनऊ।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता को खत्म करने की मांग को लेकर देशभर के 56 लाख शिक्षक दिल्ली कूच करेंगे। परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों के वर्ष 2011 से पूर्व के शिक्षकों को टीईटी पास करना अनिवार्य है। ऐसे में अब शिक्षक आंदोलन शुरू करेंगे।अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहा कि पूरे देश में टीईटी से 22 लाख शिक्षक प्रभावित हुए हैं। अब इन्हें राहत दिलाने के लिए केंद्र से अध्यादेश लाने की मांग करेंगे।

# कई विभागों में हुए बड़े पैमाने पर तबादले

### 30 जिलों में तैनात किए गए नए बीएसए

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शैक्षिक (सामान्य शिक्षा संवर्ग) सेवा समूह ख के 30 बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) का शनिवार को तबादला किया गया। इसके साथ ही 19 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के वरिष्ठ प्रवक्ता व राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) में तैनाती दी गई है। अमित सिंह मुरादाबाद, संतोष कुमार शामली, राकेश सिंह आगरा, अनिल कुमार फिरोजाबाद, आलोक सिंह अलीगढ़, रणवीर सिंह हाथरस, अनुपम अवस्थी एटा, नवीन कुमार बदायूं, जय शंकर श्रीवास्तव शाहजहांपुर के बीएसए बनाए गए हैं।

### डिप्टी व असिस्टेंट रजिस्ट्रार भी बदले गए

लखनऊ। राज्य विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार व परीक्षा नियंत्रकों के तबादले किए गए हैं। डिप्टी रजिस्ट्रार व असिस्टेंट रजिस्ट्रार का भी स्थानांतरण किया गया है। उप्र राज्य विवि सेवा के रजिस्ट्रार व परीक्षा नियंत्रकों के तबादले किए गए हैं। वहीं डिप्टी व असिस्टेंट रजिस्ट्रार का भी स्थानांतरण किया गया है। महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली का और अमृत लाल को महाराजा सुहेलदेव विवि आजमगढ़ का रजिस्ट्रार महेंद्र कुमार को बनाया गया है। संजीव कुमार सिंह को गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद परीक्षा नियंत्रक बनाया गया।

### दिलीप को मुरादाबाद के डीएमओ का प्रभार

**लखनऊ।** एक मंडलीय उप निदेशक और 14 जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों की जिम्मेदारी में बदलाव किया है। कानपुर नगर के डीएमओ रहे पवन कुमार सिंह का तबादला लखनऊ किया गया है। हमीरपुर के डीएमओ हिमांशु कुमार को महोबा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। डीएमओ दिलीप कुमार को मुरादाबाद, अमरोहा के डीएमओ नौशाद हुसैन को बरेली, हापुड़ की डीएमओ सुनीता मन्दार को गौतमबुद्धनगर, बागपत के डीएमओ कैलाश चंद्र तिवारी को गाजियाबाद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

**लखनऊ समेत छह आबकारी उपायुक्त बदले** : शासन ने जिला आबकारी अधिकारियों के तबादले के बाद शनिवार को उप आबकारी आयुक्तों को भी स्थानांतरित कर दिया। वाराणसी मंडल के उप आबकारी आयुक्त प्रदीप दुबे को लखनऊ, राकेश कुमार सिंह को लखनऊ से आगरा, आलोक कुमार को देवीपाटन मंडल गोंडा से उप आबकारी आयुक्त (विधि) मुख्यालय, राकेश कुमार अग्रवाल को गोरखपुर से बरेली, शैलेंद्र प्रताप सिंह को बरेली से वाराणसी स्थानांतरित किया गया है।

## छह कौशल प्रशिक्षण संस्थाएं काली सूची में

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** युवाओं को कौशल विकास का प्रशिक्षण देने में अनियमितता के आरोप में छह संस्थाओं को तीन साल के लिए काली सूची में डाल दिया है। बागपत के डीएम की निरीक्षण रिपोर्ट में इन संस्थाओं पर मानकों की अनदेखी करने का आरोप लगा है। उप्र कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने इन्हें काली सूची में डाल दिया है।उप्र कौशल विकास मिशन ने बागपत की इन छह संस्थाओं को 2028-29 तक के लिए काली सूची में डाला है।

### अनुदेशक भर्ती का कट ऑफ जारी, 19 जून से साक्षात्कार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने प्रशिक्षण एवं सेवायोजन विभाग के अनुदेशक बेसिक कॉस्टमेटोलॉजी, टर्नर तथा मशीनिष्ट पद पर भर्ती के लिए शनिवार को श्रेणीवार कट ऑफ के साथ साक्षात्कार की तिथियां घोषित कर दी है। एनटीसी/एनएसी अर्हताधारक छह पदों के लिए अनारक्षित व ओबीसी के लिए 53.23% तथा अनुसूचित जाति के उपलब्ध सभी अभ्यर्थी अर्ह हैं। डिप्लोमा व डिग्रीधारक सात पदों के लिए अनारक्षित सभी अभ्यर्थी अर्ह हैं। अनुसूचित जाति व ओबीसी श्रेणी में कोई अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं पाया गया। इन पदों के लिए साक्षात्कार 19 जून को होगा।

# प्रशासक बने प्रधान डीएम की अनुमति से कराएंगे नया काम

- पुराने निर्माण कार्यों का भुगतान अपने स्तर से
- 57694 निवर्तमान ग्राम प्रधानों के लिए दिशा-निर्देश जारी

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** यूपी में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव न हो पाने पर पहली बार 57694 निवर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद अब उनके काम के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है। प्रशासक की जिम्मेदारी संभालने के बाद अब नए काम वो डीएम की अनुमति से ही करा सकेंगे।

प्रमुख सचिव पंचायती राज अनिल कुमार की ओर से इस संबंध में शनिवार को शासनादेश जारी किया गया। ग्राम पंचायतों के निवर्तमान प्रधानों ने प्रशासक के रूप में 27 मई से काम संभाला है।ऐसे में अब इस तिथि से वह कोई भी नया काम कराने के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से डीएम को प्रस्ताव भेजेंगे। फिर डीएम की अनुमति से ही वह कोई नया काम करा सकेंगे। सिर्फ ग्राम पंचायतों के प्रशासक नियुक्त किए जाने से पूर्व की तिथि से स्वीकृत व अनुमोदित दैनिक, निर्माणाधीन, मरम्मत कार्य और पूर्ण हो चुके कामों का भौतिक व तकनीकी मूल्यांकन कराते हुए भुगतान प्रशासक पूर्व की भांति कर सकेंगे।ऐसी ग्राम पंचायत जहां पर पूर्व में प्रशासनिक समिति का गठन किया गया है या प्रधान का पद रिक्त है, वहां सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को प्रशासक के रूप में नामित किया जाएगा। केंद्र व राज्य की यदि कोई नई योजना या आयोग की संस्तुतियां जारी होती हैं तो प्रशासक उससे संबंधित प्रस्ताव को जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर स्वीकृति प्राप्त करेगा।

# बिजली संकट के चलते फिर होगी संविदा भर्ती

**तैयारी**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** फॉल्ट ठीक करने में लगने वाला समय बढ़ने से हुए बिजली संकट को देखते हुए अब बिजली कंपनियां संविदा कर्मचारियों की भर्ती करेंगी। जोनवार जरूरत का आकलन करके कुशल और अर्धकुशल संविदा कर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गर्मियों के पहले तकरीबन 20 हजार संविदा कर्मचारियों की छंटनी कर दी गई थी।इससे गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को बड़ा बिजली संकट झेलना पड़ रहा है।किसी भी जगह पर होने वाले फॉल्ट पर उसे बनाने में तय समय से ज्यादा लग रहा था, क्योंकि उपकेंद्रों पर मरम्मत का काम देखने वाली टीम की संख्या केवल एक कर दी गई थी।वह भी तब जबकि एक उपकेंद्र पर सात-आठ फीडर तक होते हैं।इस वजह से एक साथ एक से अधिक फीडर में खराबी आने की वजह से बारी-बारी से उन्हें ठीक किया जा रहा था। इससे फॉल्ट ठीक होने में समय लग रहा था और फॉल्ट ठीक होने तक जनता गर्मी में बिना बत्ती के परेशान हो रही थी।

### महंगी बिजली खरीद की जांच हो:उपभोक्ता परिषद

**लखनऊ।** उपभोक्ता परिषद ने महंगी दरों पर हुई बिजली खरीद के जांच की मांग की है। नियामक आयोग के टैरिफ आदेश में वास्तविक विद्युत खरीद लागत ₹4.94 प्रति यूनिट अनुमोदित की गई थी, जबकि पावर कॉरपोरेशन ने मार्च 2026 में लगभग ₹5.86 प्रति यूनिट की दर से बिजली खरीद की। इससे उपभोक्ताओं पर 1610 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया।


**PRAKASH WOOLLEN & SYNTHETIC MILLS LIMITED**

Regd. office. 18th KM Stone, Delhi Moradabad Road, NH24, Village-Amhera, Distt: J.P.NAGAR-244102, U.P.

CIN-L17291UP1979PLC004804

PH: 9760091983, Email:info@prakashwoollen.com, Website: www.prakashwoollen.com

**Extract of Audited Financial Results (Standalone) for the Quarter and Year Ended 31/03/2026**

| Particulars | Quarter ended | | | Year Ended | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31-Mar-26 | 31-Dec-25 | 31-Mar-25 | 31-Mar-26 | 31-Mar-25 |
| | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Audited |
| Total income from operations (net) | 1194.38 | 5109.43 | 597.26 | 10631.80 | 10519.40 |
| Net Profit / (Loss)for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 49.56 | (16.35) | (326.28) | (105.80) | (909.13) |
| Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 49.56 | (16.35) | 727.55 | (57.98) | 144.70 |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 144.52 | (186.40) | 752.44 | (88.77) | 125.65 |
| Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 118.21 | (186.40) | 808.38 | (115.08) | 181.59 |
| Equity Share Capital | 1025.98 | 1025.98 | 1025.98 | 1025.98 | 1025.98 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | - | - | - | 3708.51 | 3823.59 |
| Earnings per share (before extraordinary items) (of Rs. 10/-each): | | | | | |
| (a) Basic | 1.41 | (1.82) | 7.33 | (0.86) | 1.22 |
| (b) Diluted | 1.41 | (1.82) | 7.33 | (0.86) | 1.22 |
| Earnings per share (after extraordinary items) (of Rs. 10/-each): | | | | | |
| (a) Basic | 1.41 | (1.82) | 7.33 | (0.86) | 1.22 |
| (b) Diluted | 1.41 | (1.82) | 7.33 | (0.86) | 1.22 |

Notes:
1. The above results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 30th May 2026.
2. This statement has been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with rule 3 of the Companies ( Indian Accounting Standard) Rules 2015 and Companies (Indian Accounting Standard) (Amendment) Rules, 2016.
3. The figures for the quarter ended 31.03.2026 and 31.03.2025 are the balancing figures between audited figures in respect of the full financial year and those published till the third quarter of the respective financial year.
4. The above results have been audited by statutory auditors, and they have issued unmodified opinion on above audited results.
5. The company is engaged in the made ups of textile business, therefore, there is only one reportable segment in accordance with the Accounting Standards on Segment Reporting (Ind AS 108).
6. The made ups of textiles (blankets etc.) business is seasonal in nature and accordingly financial results for the quarter are not representative of the whole year.
7. Details of Exceptional Items of Rs 47.82 and Rs 1053.83 Lakh are as under:

| | | |
|---|---|---|
| Profit on Sale of Land & Building : | Rs 40.33 | Rs 992.97 Lakh |
| Write back of Revaluation Reserve:. | Rs 7.49 | Rs. 60.86 Lakh |
| Total | Rs.47.82 | Rs.1053.83 Lakh |

8. During the current reporting period, the company has received the following government assistance:
a. A grant of Rs 270.98 lakh as capital subsidy was received towards the acquisition of specific machines for expansion of production capacity. Thiamount has been deducted to arrive at the carrying amount of the respective machines.
b. Agrant of Rs 114.10 lakh was received as re-imbursemenr for interest cost incurred on Term Loan. This amount has been deducted from the 'Finance cost' presented in the statement of results.
9. Previous year/ quarter figures have been regrouped wherever required.

Place : Village Amhera (Amroha)
Date : 30th May 2026

By Order of The Board
For Prakash Woollen & Synthetic Mills Limited
Vijay Kumar Gupta
Whole Time Director & CFO
DIN: 00335325